भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1337

उत्तर देने की तारीख 08 दिसंबर, 2025
17 अग्रहायण, 1947 (शक)

सीकर में खेल स्टेडियम का विकास

†1337. श्री अमरा राम:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार सीकर जिला मुख्यालय में खेल स्टेडियम को विकसित करने का है और जहां के खेल मैदान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं जबकि सीकर के खिलाड़ियों ने बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी और एथलीट में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित की है;

(ख) क्या सरकार का विचार सीकर जिला मुख्यालय में क्रिकेट मैदान के निर्माण का है; और

(ग) यदि हां, तो उक्त क्रिकेट मैदान का निर्माण कब तक होने की संभावना है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): इस मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेल स्टेडियम के विकास सहित खेलों के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य / संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की है। केंद्र सरकार केवल महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों को पूरा करती है। राजस्थान राज्य के सीकर जिले सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के तहत अनुमोदित खेल अवसंरचना परियोजनाओं और उनकी स्वीकृत लागत जारी की गई धनराशि और उनकी वास्तविक और वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****